समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# किफायती इलाज की दिशा मे बंड़ा कदम : केद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने खोले 10 नए AMRIT फार्मेसी सेटंर

Publisher
Published on 15 Nov 2025




देश में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को AMRIT (Affordable Medicines and Reliable Implants for Treatment) योजना की 10वीं वर्षगांठ पर 10 नए AMRIT फार्मेसी केंद्रों की शुरुआत की। दिल्ली में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि इस योजना ने बीते एक दशक में देश के लाखों मरीजों तक सस्ती दवाइयाँ और मेडिकल उपकरण पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जेपी नड्डा ने कहा कि वर्ष 2015 में शुरू हुई AMRIT योजना आज स्वास्थ्य सेवाओं में किफायत और उपलब्धता का प्रतीक बन चुकी है। शुरुआत केवल कुछ केंद्रों से हुई थी, लेकिन अब यह नेटवर्क बढ़कर 24 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 255 से अधिक सेंटर तक पहुंच चुका है। स्वास्थ्य मंत्री ने इसे "एक दशक की परिवर्तनकारी यात्रा" बताते हुए कहा कि इससे देशभर के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिली है, जो पहले महंगी दवाओं के कारण आर्थिक रूप से संघर्ष करते थे।

10 नए AMRIT फार्मेसी केंद्रों के साथ सरकार का उद्देश्य देश के दूरदराज क्षेत्रों तक भी किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ पहुंचाना है। ये नए केंद्र कई महत्वपूर्ण मेडिकल संस्थानों और अस्पतालों में खोले गए हैं, जिनमें चंडीगढ़ के PGI न्यूरोसाइंस सेंटर, जम्मू का GMCH यूनिट-II, स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट जम्मू, AIIMS देवघर, श्रीनगर का डेंटल हॉस्पिटल, तिरुवनंतपुरम का SCTIMST, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट, IIT जोधपुर, AIIMS गोरखपुर और AIIMS कल्याणी यूनिट 3 शामिल हैं। इन संस्थानों में पहुंचने वाले मरीजों की बड़ी संख्या को देखते हुए ये केंद्र आने वाले समय में लाखों लोगों को लाभ पहुँचाएंगे।

जेपी नड्डा ने यह भी कहा कि 2014 के बाद से केंद्र सरकार लगातार जन औषधि केंद्रों और AMRIT फार्मेसी नेटवर्क को बढ़ा रही है। इन दोनों योजनाओं का मकसद है कि देश का कोई भी नागरिक महंगी दवाइयों की वजह से अपने इलाज से वंचित न रह जाए। सरकार का लक्ष्य है कि आम लोगों को आवश्यक और जीवनरक्षक दवाइयाँ अधिकतम रिटेल प्राइस (MRP) से 50 प्रतिशत

तक कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाएँ। यही वजह है कि AMRIT फार्मेसी में मिलने वाली दवाएँ कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों, हड्डियों से जुड़ी समस्याओं से लेकर कई गंभीर बीमारियों के इलाज तक में सहायक हैं।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इन केंद्रों से न सिर्फ सामान्य दवाएँ, बल्कि उच्च गुणवत्ता वाले मेडिकल उपकरण और सर्जिकल आइटम भी किफायती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे उन मरीजों को बड़ी राहत मिल रही है, जिन्हें पहले महंगे इम्प्लांट्स या मशीनों के कारण इलाज में भारी खर्च उठाना पड़ता था। अब वही सुविधाएँ उन्हें काफी कम दाम में उपलब्ध हैं, जिससे इलाज की लागत में भारी कमी आई है।

जेपी नड्डा ने AMRIT योजना के सफल संचालन में शामिल सभी संस्थानों, दवा कंपनियों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में सरकार इस नेटवर्क को और भी विस्तार देने की योजना बना रही है। उनका कहना था कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार तभी संभव है, जब सभी वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण और किफायती इलाज बिना किसी भेदभाव के पहुँचे।

इस लॉन्च के साथ AMRIT फार्मेसी योजना ने एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है। आने वाले समय में यह पहल देश की स्वास्थ्य संरचना को और मजबूत बनाएगी और करोड़ों लोगों को बेहतर, सस्ता और सुलभ इलाज दिलाने में एक नई उम्मीद जगाएगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.